दिनांकः 26.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत पूरी मजबूती और विश्वास के साथ इस्राइल के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री इस्राइल की संसद को संबोधित कर रहे थे। धानमंत्री श्री मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा कि आतंकवाद कहीं भी हो, हर जगह यह शांति के लिए खतरा है और इस खतरे से लड़ने के लिए उन्होंने भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी का आज येरुशलम में याद वाशेम जाने का प्लान है, जहाँ वे होलोकॉस्ट के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देंगे और एक छोटी प्रार्थना सभा में हिस्सा लेंगे। वे इज़राइली राष्ट्रपति आइज़ैक हर्ज़ोग से भी मिलेंगे, जिसके बाद प्रधानमंत्री नेतन्याहू के साथ विज्ञान और तकनीकी, नवाचार, रक्षा, व्यापार तथा लोगों के बीच संबंधों पर चर्चा करेंगे।

....

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि कृत्रिम सामग्री का निर्माण उस व्यक्ति की सहमति के बिना नहीं किया जाना चाहिए जिसका चेहरा, आवाज या व्यक्तित्व सामग्री बनाने में इस्तेमाल किया गया हो। वे आज नई दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। श्री वैष्णव ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को अपने द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सामग्री की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों और बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा प्लेटफार्म की जिम्मेदारी है।

....

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आज से जयपुर में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह शुरू हुआ। 28 फरवरी तक चलने वाला ये समारोह मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित किया जा रहा है। इसका आयोजन "राजस्थान विज्ञान महोत्सव–2026" के तहत हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि देश में विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में लगातार शोध और नवाचार हो रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान और संस्कृति का समावेश करते हुए नये शोध करने का आह्वान किया।

....

कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी मौजूद रहे। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा कल समारोह में शिरकत करेंगे। समारोह में विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागी, विद्यार्थी, शिक्षक और वैज्ञानिक भाग ले रहे हैं। इस दौरान व्याख्यान, वैज्ञानिक संगोष्ठी और पैनल चर्चा के सत्र रखे जाएंगे। इसके साथ ही विज्ञान को आम जीवन से जोड़ने वाले जागरूकता कार्यक्रम भी होंगे।

....

सवाईमाधोपुर में आज से 20वीं भरतपुर रेंज, पुलिस गेम्स और ड्यूटी मीट 2025 खेल महोत्सव की शुरूआत हुई। इस महोत्सव का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बिपिन कुमार पांडे ने किया। जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि तीन दिन दिन चलने वाले इस महोत्सव के दौरान हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी और बास्केटबॉल सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें सवाईमाधोपुर, करौली, भरतपुर और डीग जिलों के पुलिसकर्मी हिस्सा ले रहे हैं।

....

प्रदेश में फरवरी के अंतिम सप्ताह में ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। राज्य के पश्चिमी जिलों में दिन का तापमान 33 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। इससे दिन के समय तेज गर्मी का अहसास होने लगा है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक 36 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बाड़मेर सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं जैसलमेर, जोधपुर, पाली, बीकानेर और जालोर सहित कई स्थानों पर दिन का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में आसमान साफ रहने और तेज धूप के कारण तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना है।

....

आयुष मंत्रालय ने प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। मंत्रालय ने बताया कि यह पुरस्कार व्यक्तियों और संस्थान की दो श्रेणियों में दिया जाएगा। हर विजेता को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 मार्च है। पात्र व्यक्ति और संस्थान राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

....